# भारतीय मजदूर संघ ने नारेबाजी कर निकाली रैली, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

## भारतीय मजदूर संघ कै बैनर तले अन्य संगठनों द्वारा अंबडेकर पार्क में सभा का आयोजन

**झाबुआ।** भारतीय मजदूर संघ के बेनर तले मप्र आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ एवं अन्य संगठनों में मिलकर 25 फरवरी, बुधवार को स्थानीय डीआरपी लाइन स्थित अंबेडकर पार्क में सभा का आयोजन किया। बाद शहर में रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचकर देश के प्रधानमंत्री के नाम 8 सूत्रीय मांगो और मप्र के मुख्यमंत्री के नाम 46 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही मप्र आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ ने भी प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम 7 सूत्रीय एवं स्थानीय स्तर की 5 मांगों को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया। स्थानीय अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम को भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीपसिंह गुर्जर, जिलाध्यक्ष मोहन प्रजापति, जिला मंत्री मेहरसिंह सोलंकी के साथ मप्र आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ




की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी गंगा गोयल, जिला उपाध्यक्ष ज्योत्सना दीक्षित, जिला सचिव बसंती भूरिया आदि ने संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र एवं मप्र सरकार द्वारा लगातार कर्मचारियों की उपेक्षाएं की जा रही है। कर्मचारियों की नियमितीकरण, वेतन बढ़ाए जाने एवं अन्य सुविधाओं को लेकर प्रमुख मांगे है??। लंबे समय से मांग करने के बावजूद केंद्र एवं राज्य सरकार कर्मचारियों को उपेक्षित कर रहीं है। इसके विरोध में भारतीय मजदूर संघ के बेनर तले पूरे देश और प्रदेश में सभी संगठन लामबंद है। आवश्यकता पड़ने पर संगठनों द्वारा मिलकर अनिश्चितकालीन हड़ताल भी की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की रहेगी। सभा का संचालन जयेंद्र बैरागी ने किया।

***नारेबाजी के साथ निकाली विरोध रैली :** अंबेडकर पार्क पर करीब 1 घंटे सभा आयोजन बाद भारतीय मजदूर संघ के तत्वावधान में मप्र आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ एवं अन्य संगठनों ने मिलकर करीब 1 किमी लंबी रैली निकाली। रैली के दौरान मांगों को लेकर संगठन के पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। यह रैली डीआरपी लाइन तिराहा, राजगढ़ नाका से हाईवे मार्ग होते हुए कलेक्ट्रोरेट पहुंची। जहां एसडीएम महेशकुमार मंडलोई को 3 अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए।

### नियमितीकरण और भत्ता प्रदान करने की मांग

भारतीय मजदूर संघ द्वारा देश के प्रधानमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में श्रमिकों की समस्याओं का जिक्र किया गया। उनके निराकरण की बात कहीं गई??। प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में आउटसोर्स कर्मचारियों, वेतन भोगी कर्मचारियों, बिजली कर्मचारी एवं राज्य के कर्मचारियों की मुख्य मांगों का जिक्र किया गया। मप्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ ने 7 मांगों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को सभी शासकीय सुविधाओं का लाभ दिए जाने मृत्यु उपरांत परिवार को प्रोत्साहन राशि देने एवं स्थानीय स्तर पर 5 मांगों का उल्लेख करते हुए उनके अतिशीघ्र निराकरण की बात कहीं गई। ज्ञापन का वाचन मप्र कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष प्रकाश पालीवाल ने किया। ज्ञापन सौंपते समय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ से जुड़ी मीरा मालवीय, कांता गुनडिया, कला जानी सहित अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डॉ. मोहन यादव के आगमन को लेकर तैयारियां तेज

- उदयगढ़ में भगोरिया पर्व में होंगे शामिल
- अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद के शहादत दिवस पर 27 फरवरी को भाबरा में कार्यक्रम

**आलीराजपुर ।** अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद के शहादत दिवस के अवसर पर 27 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का चंद्र शेखर आजाद नगर (भाबरा) में प्रस्तावित आगमन है। इसके साथ ही वह उदयगढ़ में आयोजित भगोरिया पर्व में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को कलेक्टर नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया की संयुक्त टीम ने भाबरा पहुंचकर हेलिपैड, आजाद कुटिया, सभा स्थल एवं रोड शो मार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर मंच, बैठक व्यवस्था, निकासी द्वार, पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का



जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को कार्यक्रम स्थल पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर पालिका अधिकारियों को साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा यातायात पुलिस को वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देशित किया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल एवं हेलिपैड पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग के लिए लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अस्थायी चिकित्सा केंद्र स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल, अनुविभागीय अधिकारी श्री वीरेंद्र बघेल, सुश्री निधि मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### साई मंदिर में रजत जयंती के उपलक्ष में विशेष आयोजन हुए



**झाबुआ।** शहर के डीआरपी लाइन स्थित श्री साई मंदिर में मंदिर की वर्षगांठ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती मनाई गई। 25 फरवरी, बुधवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए मंदिर के सेवक दिनेशपूरी गोस्वामी ने बताया कि मंदिर पर प्रात:काल साईनाथ भगवान का महाभिषेक बाद सुंदर श्रृंगार किया गया। पूरे मंदिर को बलूनस और पुष्पमालाओं से सजाया गया। मंदिर में दिनभर भक्तों की दर्शन पूजन के लिए भीड़ रहीं। सभी आयोजन साई भक्तों द्वारा मिलकर किए गए।

### चाँदपुर भगोरिया हाट में उमड़ा जनसैलाब



**आलीराजपुर।** आज चाँदपुर भगोरिया हाट में पारंपरिक उत्साह, रंग और उमंग का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। आदिवासी संस्कृति के इस पावन पर्व पर चारों ओर ढोल-नगाड़ों की थाप, पारंपरिक वेशभूषा और लोकनृत्य की मनमोहक छटा बिखरी हुई थी। इसी अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पुष्पराज रावत ने अपनी सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा भर दी। युवा नेता पुष्पराज रावत ने ग्रामीणों के साथ पारंपरिक गैर निकालकर भगोरिया एवं होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। वे पूरे समय आमजन के बीच रहे, युवाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर नृत्य किया और बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्रामीणों का उत्साह इस कदर था कि उन्होंने अपने युवा नेता को कंधों पर बैठाकर ढोल की थाप पर नृत्य कराया। यह दृश्य आपसी प्रेम, विश्वास और जनसमर्थन का प्रतीक बन गया। इस भव्य आयोजन में हजारों ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक और यादगार बना दिया। चारों ओर जयघोष, पारंपरिक गीत और उत्सव का उल्लास वातावरण में गूंजता रहा। भगोरिया हाट केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर पुष्पराज रावत ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी असली ताकत है और युवाओं को इसे सहेजते हुए समाज की सेवा में आगे बढ़ना चाहिए। समस्त क्षेत्रवासियों को भगोरिया एवं होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ। यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और भाईचारा लेकर आए।

### उदयगढ़ में भगोरिया मेले की तैयारियों का कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा

**आलीराजपुर ।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उदयगढ़ भगोरिया में प्रस्तावित आगमन को लेकर उदयगढ़ में आयोजित होने वाले भगोरिया मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह ने भगोरिया स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। वहीं स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाने, जनपद सीईओ को ई-केवाईसी एवं समग्र शिविर आयोजित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणजन शासकीय योजनाओं का लाभ उठा सकें। कलेक्टर ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के आगमन की संभावना को देखते हुए कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा व्यवस्थित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन करने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल, अनुविभागीय अधिकारी श्री वीरेंद्र बघेल,तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### पति-पत्नी के बीच उपजा विवाद हाथापाई , ससुराल एवं मायके पक्ष के लोगों में जमकर चले पत्थर और डंडे

**झाबुआ।** शहर के डीआरपी लाइन स्थित अंबेडकर पार्क के पास 25 फरवरी, बुधवार दोपहर करीब 3 बजे दो पक्षों में विवाद बाद जमकर हाथापाई और मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्ष के लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज की। वहीं घटना में घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय में हुआ। पूरा मामला इस प्रकार है कि अर्जुन बामनिया ने पत्नी रजनी देवड़ा को किसी बात को लेकर थप्पड़ मारने के बाद यह मामला वन स्टाप सेंटर पहुंचा। जहां दोनों पक्षों के बीच सुलह करवाई गई। जिसके बाद अर्जुन बामनिया एवं उनके परिवारजन रजनी देवड़ा को लेने पहुंचे, तो किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में फिर से कहासुनी हो गई और जमकर विवाद हुआ। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को पत्थर और लठ से मारकर गंभीर रूप से घायल किया। घटना के दौरान अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई। यह मामला पुलिस थाने तक पहुंचा और पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज की गई वहीं घायलों को डायल 112 वाहन से जिला चिकित्सालय पहुंचाकर उनका उपचार करवाया। इस संबंध में थाना प्रभारी आरसी भास्करे ने बताया कि फिलहाल दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज की गई है एवं घटना की जांच की जा रहीं है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने 7 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**आलीराजपुर।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ की जिला इकाई द्वारा अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचा रही हैं। वे गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों तथा 11 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं देखभाल जैसे महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। उनके प्रयासों से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। इसके बावजूद वर्तमान महंगाई के दौर में उन्हें अत्यंत कम मानदेय दिया जा रहा है। संघ का कहना है कि कार्य का स्वरूप शासकीय कर्मचारियों जैसा होने के बावजूद उन्हें 'स्कीम वर्कर' मानकर शासकीय सुविधाओं से वंचित रखा जाता है। इससे उनके परिवार और बच्चों की शिक्षा एवं भविष्य भी प्रभावित हो रहा है।

### संघ ने सरकार से निम्न प्रमुख मांगें रखी हैं

- प्रदेश की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को नियमित कर शासकीय कर्मचारियों के समान सुविधाएं प्रदान की जाएं।
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को योग्यता एवं अनुभव के आधार पर बिना परीक्षा पर्यवेक्षक पद पर पदोन्नति दी जाए।
- शासकीय कर्मचारी घोषित किए बिना अन्य विभागों के कार्य में ड्यूटी न लगाई जाए।
- मानदेय का भुगतान प्रत्येक माह की 5 तारीख तक सुनिश्चित किया जाए।
- अन्य विभागों में भर्ती के समय अनुभव के अंक तथा आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाए।
- सेवा निवृत्ति के बाद कम से कम 5,000 रुपये मासिक पेंशन प्रदान की जाए।
- सेवाकाल में मृत्यु होने पर परिवार को कम से कम 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाए।
- संघ ने सरकार से इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है।
- ज्ञापन देने वालों में जिला सचिव निरू चौहान, जिलाध्यक्ष रेशमा बामनिया, उपाध्यक्ष लुम्बाई बघेल सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य सलमान खान, संगीता बोन और आनंद ठाकुर उपस्थित रहे।



# चंद्र शेखर आजाद फाटा डेम पर एनडीआरएफ द्वारा बाढ़ आपदा मॉक अभ्यास संपन्न

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशन में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 11वीं वाहिनी द्वारा चंद्र शेखर आजाद फाटा डेम पर प्रस्तावित बाढ़ आपदा विषयक मॉक अभ्यास का आयोजन बुधवार को सफलतापूर्वक किया गया। मॉक अभ्यास में एनडीआरएफ की 11वीं वाहिनी की प्रशिक्षित टीम ने भाग लिया। इस दौरान संबंधित अधीनस्थ अधिकारी, बचावकर्मी तथा उपस्थित रहे। अभ्यास का उद्देश्य संभावित बाढ़ आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी को परखना तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना था।

अभ्यास के दौरान आपदा की काल्पनिक स्थिति निर्मित कर जलभराव, फंसे हुए लोगों के रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार तथा सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की कार्यवाही का प्रदर्शन किया गया। एनडीआरएफ टीम ने उपकरणों एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए राहत एवं बचाव कार्यों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। इस दौरान आलीराजपुर जिले का होमगार्ड दल भी उपस्थित था ।

# मुख्यमंत्री के आगमन पर सुव्यवस्थित पार्किंग कार्ययोजना

**आलीराजपुर।** आगामी 27 फरवरी 2026 को जिला आलीराजपुर के थाना आजाद नगर एवं उदयगढ़ क्षेत्र में मुख्यमंत्री , म.प्र. शासन का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है । इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी आजाद नगर में शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि कार्यक्रम में श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे और तत्पश्चात उदयगढ़ के पारंपरिक भगोरिया मेले में सम्मिलित होंगे । इस अवसर पर जनसमूह के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए, आलीराजपुर यातायात पुलिस द्वारा व्यापक पार्किंग एवं सुरक्षा कार्ययोजना तैयार की गई है, ताकि आमजन को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो ।

### आमजन हेतु महत्वपूर्ण निर्देश एवं अपील

1. सहयोग की अपेक्षा : पुलिस प्रशासन द्वारा यह व्यवस्था आपकी सुविधा और सुरक्षा के लिए की गई है। कृपया ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के निर्देशों का पालन करें ।
2. अतिक्रमण मुक्त मार्ग : मुख्य सड़कों और संकरे रास्तों पर वाहन खड़ा न करें। गलत स्थान पर पार्क किए गए वाहनों को यातायात बाधित करने की स्थिति में हटाया जा सकता है।
3. समय का प्रबंधन : भीड़-भाड़ से बचने के लिए कार्यक्रम के समय से थोड़ा पूर्व पहुँचें और निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही चयन करें।
4. सतर्कता : किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस सहायता केंद्र या तैनात बल को दें।

आलीराजपुर पुलिस माननीय मुख्यमंत्री महोदय के भ्रमण और भगोरिया पर्व को ऐतिहासिक, सुरक्षित और सफल बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। उक्त आयोजन को सफल बनानें हेतु आलीराजपुर पुलिस आमजन के सक्रिय सहयोग की अपेक्षा करती है ।

# नौकरी पर जा रही युवती को आयशर ने कुचला, मौत

**इंदौर.** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में ड्यूटी पर जा रही युवती की जान चली गई. तेज रफ्तार आयशर वाहन ने युवती को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया.

थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि चौधरी कॉलोनी में रहने वाले आरती पिता फूल सिंह प्रतिदिन की तरह सुबह काम पर जा रही थी. वह मोंटी फूड प्रोडक्ट कंपनी की चॉकलेट फैक्ट्री में कार्यरत थी. प्रभुतोल कांटा के समीप पहुंचते ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार आयशर वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि आरती सड़क पर दूर जा गिरी और उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं. आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना देकर उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद आरोपी चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया.

# बस ऑनर्स एसोसिएशन ने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- मांगे नहीं मानने पर 2 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**झाबुआ।** जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन ने 25 फरवरी, बुधवार दोपहर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्रालय के मुख्य सचिव एवं आयुक्त भोपाल के नाम ज्ञापन एसडीएम महेशकुमार मंडलोई को सौंपा गया। ज्ञापन में मांगे नहीं मानने पर 2 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी भी दी गई।

ज्ञापन बस ऑनर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष दिनेश मेवाड़ा एवं जिला सचिव प्रकाशचंद्र कटारिया के नेतृत्व में दिया गया। जिसमें उल्लेख किया गया कि विगत 22 फरवरी को सागर में प्रदेश के समय बस मालिकों को और संस्था के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ नियत बैठक में विचार-विमर्श के पश्चात् यह निर्णय लिया गया है कि स्टेज कैरीज बसों के संचालन बाबत मप्र सरकार द्वारा लाई जा रहीं नई दमनकारी परिवहन नीति के कारण प्रदेश के समस्त बस मालिक आहत



है। जिसको लेकर आगामी 2 मार्च से समस्त बस ऑपरेटर्स अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतरेंगे। उक्त समस्या के निदान हेतु बस ऑपरेटरों द्वारा कई बार उचित माध्यमों से निवेदन किया जा चुका है, किंतु मप्र सरकार एवं परिवहन मंत्रालय द्वारा कोई हल इस संबंध में नहीं निकालने से बस ऑनर्स अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर है। अनिश्चितकालीन हड़ताल से आमजन एवं यात्रियों को होने वाली परेशानियों के लिए जिम्मेदार शासन रहेगा। *पुरानी नीति अनुसार ही हो कार्य -* बस ऑनर्स एसोसिएशन ने ज्ञापन में 3 सूत्रीय मांगों में विगत 24 दिसंबर 2025 को राजपत्र में संशोधन का प्रारूप प्रकाशित किया गया है, उसे वापस समाप्त किए जाने, विगत 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में किए गए संशोधन प्रकाशन को पूर्ण रूप से समाप्त करने के साथ ही वर्तमान में जिस व्यवस्था के साथ प्रदेश में बसों का संचालन चल रहा है, उसे यथावत रखने की मांग की गई। इस दौरान बस ऑपरेटर्स द्वारा मांगों को लेकर नारेबाजी भी की गई। ज्ञापन सौंपते समय जिला बस ओनर्स एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों में प्रकाश पडियार, अंकित कोठारी, पूर्वेश कटारिया, मुकेश बसेर, किशन भाबर, इंदू गुर्जर, विजेंद्र सिंह, श्यामू बेहरा सहित बड़ी संख्या में बस ऑपरेटर उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### पेटलावद विकासखंड के विभिन्न संकूलों की प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया

# शैक्षणिक गुणवत्ता, पीएम पोषण और स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष फोकस , शिक्षकों को दिए सख्त निर्देश

**पेटलावद।** जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेंद्रसिंह चौहान द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आज खण्ड स्त्रोत समन्वयक रेखा गिरि ने पेटलावद विकासखंड के विभिन्न संकुलों की प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बामनिया, करवड़, मठमठ, जामली, बरवेट, रायपुरिया, सारंगी, मांडन, तलावपाड़ा, नाहरपुरा, गोडरिया, गंगाखेड़ी, केलकुई, घोड़ाथाल, रूपारेल, बड़ी लीपाड़ा सहित अन्य संकुलों की शालाओं का सघन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के



दौरान विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति, शैक्षणिक गुणवत्ता, पीएम पोषण योजना अंतर्गत मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था, शाला परिसर एवं शौचालयों की स्वच्छता, शिक्षक एवं छात्र उपस्थिति पंजी का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने पाया कि कुछ विद्यालयों में व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है, जिस पर तत्काल निर्देश जारी किए गए ।शिक्षकों एवं संस्था प्रमुखों को दिए गए प्रमुख निर्देश परीक्षा अवधि में भी मध्यान्ह भोजन नियमित रूप से निर्धारित मीनू के अनुसार तैयार किया जाए तथा भोजन का सैंपल प्रतिदिन सुरक्षित रखा जाए।

कक्षा 1 से 4 एवं कक्षा 6-7 के विद्यार्थियों को स्थानीय वार्षिक परीक्षा के लिए विशेष तैयारी कराई जाए ।अनुपस्थित विद्यार्थियों से सतत संपर्क कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर बल दिया जाए ।बालक एवं बालिका शौचालयों की नियमित साफ-सफाई की जाए तथा पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ।सभी शिक्षक समय पर विद्यालय में उपस्थित हों तथा समय पूर्व शाला न छोड़ें। बिना पूर्व सूचना या स्वीकृत अवकाश के अनुपस्थित पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। नवीन शौचालय निर्माण कार्य समयसीमा में एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। जन शिक्षक संकुल स्तर पर सतत भ्रमण करेंगे तथा उपयंत्री, पेटलावद द्वारा गुणवत्ता की नियमित जांच की जाएगी। बोर्ड परीक्षा ड्यूटी पूर्ण करने के पश्चात सभी शिक्षक अनिवार्य रूप से विद्यालय में उपस्थित होकर अध्यापन कार्य संपादित करेंगे।

### सतत निगरानी के दिए निर्देश

खण्ड स्त्रोत समन्वयक ने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में शैक्षणिक स्तर और मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जन शिक्षक एवं संस्था प्रमुखों को नियमित मॉनिटरिंग कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इस आकस्मिक निरीक्षण से विद्यालयों में प्रशासनिक सक्रियता बढ़ी है तथा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है।